<u>प्रेस नोट</u>

वार्षिक सराहनीय कार्य कानपुर देहात पुलिस

वर्ष 2024

दिनांक – 01.01.2025

जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में किये गये महत्वपूर्ण/सराहनीय कार्यों का विवरण-

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध/अपराधियों पर नियन्त्रण, भयमुक्त समाज की स्थापना , जनसामान्य में पुलिस का विश्वास बढाने एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से वर्ष के प्रारम्भ से ही प्रभावी कार्य योजना बना कर तथा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर अपराध में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी।

- **जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु दिनांक 01.01.2024 से 31.12.2024 तक पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत है –**

1. गम्भीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्यवाही के क्रम में वर्ष 2024 में कुल 11 पुलिस मुठभेड़ में 14 अभियुक्त घायल।
2. पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये गये अभियान के तहत 19 पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार किये गये।
3. शातिर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी/कड़ी कार्यवाही करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत 07 अभियोग पंजीकृत किये गये जिनमें नामित 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

4. गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत 110 अभियुक्तों का चालान किया गया।
5. वर्ष 2024 में कानपुर देहात पुलिस द्वारा 05 जिलाबदर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा 44 अभियुक्तों को जिलाबदर कराया गया।
6. सर्विलांस टीम द्वारा आम जनमानस के 350 अदद गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया गया।
7. हत्या की घटनाओं के खुलासे के क्रम में जनपद में 08 हत्या के अभियोगों में सभी का सफल अनावरण किया गया।
8. ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनसहयोग से 11819 कैमरों का अधिष्ठापन कराया गया जिनकी मदद से 25 अभियोगों का सफल अनावरण किया गया।
9. श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिहिन्त अभियोगों में वर्ष 2024 में कानपुर देहात पुलिस तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय कानपुर देहात द्वारा 770 अभियुक्तों को सजा सुनायी गयी।

कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत किये गये प्रयासों में प्रिय जनपद वासियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है । जिसके लिए कानपुर देहात पुलिस समस्त सम्भ्रान्त/सम्मानित नागरियों/ समस्त जनपद वासियों का हृदय से आभार व्यक्त करती है और आशा करते हैं कि इसी प्रकार से आगे भी आप सभी प्रिय जनपद वासियों का पूर्ण सहयोग कानपुर देहात पुलिस को मिलता रहेगा।

कानपुर देहात पुलिस परिवार की ओर से जनपद वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।